सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 फाल्गुन 21, गुरुवार, शाके 1947–मार्च 12, 2026 अंक 50
Vol. 77 Phalguna 21, Thursday, Saka 1947–March 12 , 2026 No. 50

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं अलसा राम पुत्र श्री दुर्गा राम, जाति मेघवाल उम्र 35 साल निवासी मेघवालों का वास, सोढाकोर, तहसील व जैसलमेर राज– 345031 शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि –

1. यह है कि मैं व मेरा पूरा परिवार उपरोक्त वर्णित पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूं ।
2. यह है कि मैं अपने पुत्र लक्की पंवार (LAKKI PANWAR) का नाम परिवर्तन करना चाहता हूँ ।
3. यह है कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड, परिवार जन आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र आदि जिसमें मेरे पुत्र का नाम लक्की पंवार (LAKKI PANWAR) दर्ज है, जिसे मैं परिवर्तन कर लक्ष्य वीर पंवार (LAKSHYA VEER PANWAR) दर्ज करवाना चाहता हूं ।
4. यह है कि लक्की पंवार पंवार (LAKKI PANWAR) व लक्ष्य वीर पंवार (LAKSHYA VEER PANWAR) उक्त दोनों ही नाम मेरे पुत्र के ही है. इसमें कोई वाद–विवाद नहीं है, यदि भविष्य में कोई वाद–विवाद होता है. तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी ।
5. यह है कि मेरे पुत्र का पूर्व नाम लक्की पंवार (LAKKI PANWAR) को त्याग कर उसके स्थान पर आज दिनांक के बाद मेरे पुत्र का सही नाम लक्ष्य वीर पंवार (LAKSHYA VEER PANWAR) के नाम से ही भविष्य में जाना व पुकारा पहचाना जावे ।
6. मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पुत्र के नाम के उक्त निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करता हूं कि मैं एतद् पश्चात् सभी समय निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंधपत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों व्यवहारों एवं लेन–देन व सभी दस्तावेजों में तथा सभी अवसरों पर मेरे पुत्र का पूर्व नाम लक्की पंवार (LAKKI PANWAR) के स्थान पर सही नाम लक्ष्य वीर पंवार (LAKSHYA VEER PANWAR) के नाम के रूप में प्रयुक्त करूंगा मैं अपने पुत्र के नाम परिवर्तन करने की सूचना गजट में प्रकाशन के लिए उक्त शपथ–पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

अलसा राम
शपथकर्ता
(अलसा राम)

तसदीक मैं उपरोक्त शपथकर्ता तस्दीक करता हूं कि शपथ–पत्र में दर्ज तमाम वाक्यात मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही व सत्य है।

अलसा राम
शपथकर्ता
(अलसा राम)

SIGNATURE/ ATTESTED
M.L.PANWAR
09-02-2026
NOTARY PUBLIC JAISALMER
GOVT OF INDIA

34366

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।